दिनांकः 15.11.2018

प्रेस विज्ञप्ति

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का 100वाँ दीक्षान्त समारोह 22 नवम्बर, 2018 को आयोजित है। इसके अन्तर्गत विज्ञान संस्थान का उपाधि वितरण समारोह दिनांक 22 नवम्बर 2018 को अपराहः 01:00 बजे से स्वतंत्रता भवन में होना सुनिश्चित हुआ है। अतः उक्त समारोह में सम्मिलित होकर उपाधि प्राप्त करने के इच्छुक सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित सहमति प्रपत्र, इमेल (deanfsc@gmail.com)के द्वारा या सीधे दिनांक 18 नवम्बर, 2018 तक निदेशक कार्यालय विज्ञान संस्थान मे जमा कर दें। उपाधि प्राप्त करने के इच्छुक छात्र स्वतंत्रता भवन में दिनांक 22 नवम्बर, 2018 को विश्वविद्यालय के मुख्य दीक्षान्त समारोह, जो कि स्वतंत्रता भवन मे 09:00 बजे पूर्वाह्न से होना सुनिश्चित है, में सम्मलित होने के बाद अपराहः 01:00 बजे से पूर्व निर्धारित परिधान जिसका विवरण निम्नवत् है, धारण करके विषयवार नियत स्थान अवश्य ग्रहण कर लें और अपनी उपस्थिति सम्बन्धित विषय के अध्यापक के पास दर्ज करा दें।

निर्धारित परिधानः

महिला वर्ग : लाल बार्डर के साथ सफेद साड़ी, लाल ब्लाउज या सफेद कुर्ता व सफेद सलवार साथ में उत्तरीय एवं साफा।

पुरुष वर्ग : सफेद कुर्ता, सफेद पैजामा/धोती, उत्तरीय एवं साफा।

उक्त समारोह में भाग लेने हेतु उत्तरीय एवं साफा का वितरण सम्बन्धित छात्रों/छात्राओं को दिनांक 19.11.2018, प्रातः 02:00 बजे से सायं 04:30 बजे तक, 20.11.2018 को प्रातः 10:30 बजे से सायं 04:00 बजे तक किया जायेगा, जिसके लिए उन्हें प्रति उत्तरीय एवं साफा के लिए निर्धारित **167**/- रू. (वापसी विहीन प्रावधान के अन्तर्गत) का भुगतान करना होगा।

जो छात्र अपनी उपस्थिति उक्त समय पर दर्ज नहीं करा पाएगें अथवा निर्धारित परिधान में नही होंगें उनको मंच से उपाधि देना संभव नही हो पाएगा। उक्त समारोह में संस्थान/संकाय के सत्र 2016–17 (उपाधि वितरण समय अपराहः 01:00 से 04:00 बजे तक) एवं सत्र 2017–18 (उपाधि वितरण समय अपराहः 04:00 से 07:00 बजे तक) की परीक्षा द्वारा अपनी उपाधि योग्यता प्रमाणित करने वाले स्नातक, स्नातकोत्तर और पी.एच.डी. के छात्रों को उपाधि वितरित की जाएगी।

(प्रो० एस.बी. अग्रवाल)
संयोजक, प्रचार समिति
100वाँ दीक्षान्त समारोह
विज्ञान संस्थान, का०हि०वि०वि०

100th CONVOCATION OF BANARAS HINDU UNIVERSITY OF 2018
INSTITUTE OF SCIENCE, BHU

SCHEDULE OF PROGRAMME

EVENTS		DATE	VENUE	TIME
DISTRIBUTION OF UTTARIA & TURBAN (SAFA)		19.11.2018 20.11.2018 21.11.2018 & 22.11.2018	LECTURE THEATRE COMPLEX, INSTITUTE OF SCIENCE	02.00 P.M. - 4.30 P.M. 10.30 A.M. - 04.00 P.M. 10.30 A.M. - 04.00 P.M. & 10.00 A.M. - 11.30 A.M.
DEGREE DISTRIBUTION B.Sc., M.Sc., M.Sc. (Tech), MCA, Ph.D. & PRIZES	2016-17	22.11.2018	SWATANTRATA BHAWAN	1.00 P.M. - 4.00 P.M.
	2017-18	22.11.2018	SWATANTRATA BHAWAN	4.00 P.M. - 7.00 P.M.
MAIN CONVOCATION FUNCTION		22.11.2018	SWATANTRATA BHAWAN	09.00 A.M.

NOTE: **Graduands are requested to bring identity card/ a valid identity proof during collection of the Uttaria & Safa.**